**कार्यक्रम** • इस्टीम पब्लिक स्कूल में 10-12 वीं छात्रों का प्रतिभा सम्मान समारोह

# उत्कृष्ट छात्रों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

भास्कर न्यूज | चाईबासा

शनिवार को इस्टीम पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेहतर रिजल्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा बारहवीं पास करने वाले विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा सम्मान के साथ विदाई भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इस्टीम ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसके झा (प्रिंसिपल, डीएवी पब्लिक स्कूल, चिड़िया) की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा दोगुनी हो गई। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत प्राचार्य द्वारा



गुलदस्ता देकर किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य, नृत्य नाटिका आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। दूसरे सत्र में 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सर्टिफिकेट और मेडल दिया गया। इसके उपरांत क्रमशः हिंदी ओलंपियाड और इंडियंस



इंटेलिजेंस टेस्ट (सीजन-10) में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बीच प्रमाण-पत्र और मेडल वितरित किया गया।

## विद्यार्थियों को चेयरमैन ने दी बधाई

चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने अपने संबोधन में दसवीं-बारहवीं के सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा हर प्रकार की शैक्षणिक सुविधा से युक्त एवं विद्यार्थियों को आवश्यक एवं उचित शैक्षणिक माहौल प्रदान करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि डीएवी, चिड़िया के प्राचार्य ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य टी. कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों का प्रदर्शन बेहतर रहा। बच्चों के बेहतर रिजल्ट पर उन्होंने इसका श्रेय स्कूल प्रबंधन और शिक्षक-शिक्षिकाओं को देते हुए कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्कूल के विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम से सभी लोग प्रसन्न नजर आए।

दैनिक जागरण
www.jagran.com जमशेदपुर, 19 मई, 2024 | 3

# इस्टीम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मान

जासं, चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सत्र 2023-24 के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में बेहतर रिजल्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बारहवीं पास करने वाले विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा सम्मान के साथ विदाई दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इस्टीम ग्रुप आफ स्कूल्स के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा एवं विशिष्ट अतिथि डीएवी चिड़िया के प्राचार्य एसके झा उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत प्राचार्य के द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया। साथ ही दसवीं और बारहवीं बोर्ड पास करने वाले विद्यार्थियों को भी पुष्प के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य, नृत्य नाटिका आदि की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरे सत्र के



इस्टीम पब्लिक स्कूल में बेहतर रिजल्ट पाने वाली छात्रा को सम्मानित करते चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा व साथ में प्राचार्य टी. कुमार, ज्योत्सना झा • जागरण

**विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को किया मंत्रमुग्ध सम्मान पाकर खिले चेहरे**

कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड रिजल्ट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान अतिथियों के द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल से किया गया। इसके उपरांत क्रमशः हिंदी ओलंपियाड और इंडियंस इंटेलिजेंस टेस्ट (सीजन-10) में बेहतर प्रदर्शन अर्जित करने वाले बच्चों के बीच प्रमाण पत्र और मेडल वितरित किया गया। चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने अपने भाषण संबोधन में दसवीं-बारहवीं के सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा हर प्रकार की शैक्षणिक सुविधा से युक्त एवं विद्यार्थियों को आवश्यक एवं उचित शैक्षणिक माहौल प्रदान करने की बात कहीं। विशिष्ट अतिथि डीएवी चिड़िया के प्राचार्य ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य टी. कुमार ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों का प्रदर्शन बेहतर रहा। साथ ही उन्होंने 12वीं पास विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे आज स्कूल से निकलकर कालेज और यूनिवर्सिटी में जा रहे हैं और हम आशा करते हैं कि आप वहां भी विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। बच्चों के बेहतर रिजल्ट के लिए, उन्होंने इसका श्रेय स्कूल प्रबंधन और शिक्षक-शिक्षिकाओं को देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्रभात खबर
जमशेदपुर, रविवार
19.05.2024 | 03

## इस्टीम पब्लिक स्कूल के टॉपर्स हुए सम्मानित



**चाईबासा.** इस्टीम पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया. बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया. वहीं बारहवीं पास करने वाले विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गयी. इसमें इस्टीम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ मनोज कुमार झा और डीएवी पब्लिक स्कूल चिरिया के प्राचार्य एसके झा शामिल हुए. कार्यक्रम के पहले सत्र में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया. दूसरे सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इस मौके पर डॉ मनोज झा ने दसवीं-बारहवीं के सफल विद्यार्थियों को बधाई दी. उन्हें हर प्रकार की शैक्षणिक सुविधा देने की बात कही.